मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

(ग्रामीण कृषि मौसम सेवा)

केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर- 342003

दिनांकः 03 नवम्बर 2017

जोधपुर

जिले के लिए भारत मौसम विज्ञान विभाग, क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केन्द्र, जयपुर से प्राप्त मध्यावधि मौसम पूर्वानुमान

मौसमी तत्व / दिनांक	04/11/17	05/11/17	06/11/17	07/11/17	08/11/17
वर्षा (मि.मी.)	0	0	0	0	0
अधिकतम तापमान (°सेल्सियस)	36	35	35	35	35
न्यूनतम तापमान (°सेल्सियस)	16	16	16	15	15
बादलों की स्थिति (ओक्टा)	1	0	0	0	0
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) सुबह	71	72	74	74	75
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) शाम	11	12	14	15	16
हवा की गति (कि.मी/घंटा)	4	2	3	4	2
हवा की दिशा	पूर्व	पूर्व	पूर्व–दक्षिण–पूर्व	पूर्व–दक्षिण–पूर्व	पूर्व

मौसम पूर्वानुमान के आधार पर कृषि परामर्श सेवा, केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर द्वारा इस जिले के किसानों को सलाहः

फसल	अवस्था	सलाह
जीरा	व्यवस्था / तैयारी	जीरे की बुवाई के लिए उन्नत किस्मों के बीज व खाद का प्रबन्ध करें। आर.जेड–19, आर.जेड–209, जी.जी–4 व आर.जेड–223 जीरे की उन्नत किस्में है। बीज की मात्रा 12–15 किलो ग्राम प्रति हैक्टेयर रखें। जीरे की फसल में 30 किलो नत्रजन, 20 किलो फास्फोरस व 15 किलो पोटाश की प्रति हैक्टेयर में आवश्यकता पडती है।
गेहूं	बुवाई	तैयार खेत में पलेवा कर गेहूं की बुवाई करें। राज–3077, राज–3777, राज–4037 राज–1482 डब्ल्यू.एच–147 व लोक–1 गेहूं की उन्नत किस्में है। बीज की मात्रा 80–100 किलो ग्राम प्रति हैक्टेयर होनी चाहिएं। फसल के लिए नत्रजन, फास्फोरस व पोटाश उर्वरकों की मात्रा 60, 40 व 20 किलो ग्राम प्रति हैक्टेयर बुवाई के समय खेत में देनी चाहिएं। दीमक से प्रभावित खेत में 4 लीटर क्लोरपायरीफास 20 ई.सी पलेवा के समय खेत में दें। बुवाई से पहले 2 ग्राम थाइरम से प्रति किलो बीज को उपचारित करें।
जौ	व्यवस्था	जौ की बुवाई के लिए उन्नत किस्मों के बीजो की व्यवस्था करें। आर.डी–2052, आर.डी–2035, आर.डी–57, आर.डी–31 व बिलाडा–2 उन्नत किस्में है। बीज की मात्रा 100 किलो ग्राम प्रति हैक्टेयर रखें।
पशु		इस समय मौसम परिवर्तनशील रहने के कारण पशुओं को रात के समय

		छप्पर में बांधे।

(नौडल ऑफीसर)